


## टी-20 विश्वकप में आज

**भारत V/S आयरलैंड**

**समय रात-8.00 बजे से न्यूयार्क में**

**खास-खबर**

## द्रविड़ नहीं करेंगे भारतीय कोच पद के लिए आवेदन

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** भारतीय कोच राहुल द्रविड़ ने स्वीकार किया है कि टी-20 विश्व कप, भारतीय कोच के तौर पर उनका आखिरी टूर्नामेंट होगा और वह फिर से कोच पद के लिए आवेदन नहीं करेंगे। यह खबर लगभग तय ही थी, लेकिन अब इस पर आधिकारिक मुहर भी लग चुकी है। द्रविड़ से पूछा गया था कि क्या यह विश्व कप उनके लिए अधिक महत्वपूर्ण है? द्रविड़ ने कहा कि हर एक टूर्नामेंट महत्वपूर्ण होता है। मैंने जिस मैच में भी भारतीय टीम की कोचिंग की है, वह हर मैच मेरे लिए महत्वूर्ण है। क्योंकि यह मेरा आखिरी टूर्नामेंट है, इसलिए मेरे लिए यह टूर्नामेंट अलग नहीं हो जाता । मुझे यह काम करना पसंद है और भारत के कोच के रूप में मैंने इसका पूरा लुत्फ उठाया है। मुझे इस टीम और खिलाड़ियों के साथ काम करना अच्छा लगता है। हालांकि अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट कार्यक्रम इतना व्यस्त है कि मैं जिंदगी के इस पड़ाव पर इस पद के लिए फिर से आवेदन नहीं करना चाहता हूं। एक खिलाड़ी के रूप में द्रविड़ 2003 विश्व कप के फाइनल में पहुंचे और नंबर-1 टेस्ट टीम के सदस्य भी बने। लेकिन वह कभी भी विश्व विजेता टीम के सदस्य नहीं बन पाए। एक कोच के रूप में वह विश्व टेस्ट चैंपियनशिप और वनडे विश्व कप के फाइनल में पहुंचे, लेकिन जीत वहां भी हासिल नहीं हो पाई। अब विश्व चैंपियन बनने के लिए यह द्रविड़ के पास आखिरी मौका होगा। द्रविड़ ने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो हमने सभी वैश्विक टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया है। निरंतरता की बात करें तो हम निरंतर भी रहे हैं। हम टी-20 विश्व कप 2022 के सेमीफाइनल में पहुंचे, फिर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में अच्छा प्रदर्शन कर 2023 के फाइनल में गए।



# अफगानिस्तान की युगांडा पर 125 रन से बड़ी जीत




**गुयाना (एजेंसी)। रहमतउल्लाह गुरबाज (76) और इब्राहिम जदरान (70) की शानदार पारियों उसके बाद प्लेयर ऑफ द मैच फजलहक फारुकी नौ रन पर पांच विकेट की घातक गेंदबाजी के दम पर अफगानिस्तान ने टी-20 विश्वकप के ग्रुप सी मैच में युगांडा को रिकार्ड 125 रनों के विशाल अंतर से हरा दिया है। युगांडा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।**

बल्लेबाजी करने उतरी अफगानिस्तान की रहमतउल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जदरान की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये रिकार्ड 154 रनों की साझेदारी की। 15वें ओवर में मसाबा ने इब्राहिम जदरान को बोल्ड कर युगांडा को पहली सफलता दिलाई। इब्राहिम जदरान ने 46 गेंदों में नौ चौके एक छक्का लगाते हुये (70) रनों की पारी खेली। अगले ही ओवर में अल्पेश रामजनी ने रहमतउल्लाह गुरबाज को पवेलियन भेज दिया। रहमतउल्लाह ने 45 गेंदों में चार चौके चार छक्के लगाते हुये (76) रन बनाये। नजीबउल्लाह जदरान (2), गुलबदीन (4),अजमतउल्लाह उमरजई (5) रन बनाकर आउट हुये। मोहम्मद नबी (14) और राशिद खान दो रन बनाकर नाबाद रहे। अफगानिस्तान ने निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट पर 183 रनों का स्कोर खड़ा किया। युगांडा की ओर से ब्रायन मसाबा और कॉसमास क्येवूता ने दो-दो विकेट लिये। अल्पेश रामजनी ने एक बल्लेबाज को आउट किया। 184 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी युगांडा की शुरुआत बेहद खराब रही और अफगानिस्तान के गेंदबाजों के आगे उसने घुटने टेक दिये। युगांडा के नौ बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा तक भी नहीं पहुंच सके। युगांडा को पहले ही ओवर में दो झटके लगे। फजलहक फारूकी ने लगातार दो गेंदों पर रौनक पटेल 04) और रोजर मुकासा (शून्य) को पवेलियन भेज दिया। दूसरे ओवर में साइमन सेसाजी (04), 5वें ओवर में दिनेश नकरानी (6) रन बनाकर आउट हुये। इसी ओवर में टीम को अल्पेश रमजानी बिना खाता खोले पवेलियन लौट गये। 13वें ओवर में छठा विकेट रियाजत अली (11), अगली ही गेंद पर कप्तान ब्रायन मसाबा (शून्य), आठवां रॉबिन्सन ओबुया (14), 16वें ओवर में बिलाल हसन (8) और इसी ओवर की आखिरी गेंद पर हेनरी सेन्सेन्डो (शून्य) को आउट कर युगांडा की पारी को 58 के स्कोर पर समेटकर अफगानिस्तान ने 125 रनों से मुकाबला जीत लिया।अफगानिस्तान की ओर से फजलहक फारूकी ने नौ रन देकर पांच विकेट लिए। नवीन उल हक और कप्तान राशिद खान को 2-2 विकेट मिले। मुजीब उर रहमान ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

## बारिश के कारण रुका मैच, 6.2 ओवर के बाद स्कॉटलैंड बिना विकेट गंवाए बनाए 51 रन

**ब्रिजटाउन (एजेंसी)।** टी20 विश्व कप 2024 के छठे मैच में मंगलवार को मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड का सामना स्कॉटलैंड से है। यह मैच के ब्रिजटाउन के केनसिंगटन ओवल मैदान पर खेला जा रहा है। दोनों ही टीमों का यह टी20 विश्व कप 2024 में पहला मैच है और दोनों ही जीत से आगाज करना चाहेंगे। बारिश की वजह से मैच को 6.2 ओवर के बाद रोकना पड़ा। फिलहाल भारी बारिश की वजह से मैदान को कवर्स से ढक दिया गया है। मैदान के ऊपर काले बादल मंडरा रहे हैं। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी स्कॉटलैंड की टीम ने आक्रामक शुरुआत की थी। उसने 6.2 ओवर के बाद बिना विकेट गंवाए 51 रन बना लिए थे। माइकल जोंस 20 गेंद में 30 रन और जॉर्ज मुनसे 19 गेंद में 18 रन बनाकर नाबाद हैं। बारिश के कारण करीब एक घंटे की देरी से मैच शुरू हुआ।



## नेपाल ने नीदरलैंड को दिया 107 रन का लक्ष्य, प्रिंगल-बीक को तीन-तीन विकेट

**डलास (एजेंसी)।** टी20 विश्व कप 2024 के सातवें मैच में मंगलवार को स्पिनर टिम प्रिंगल और लोगन वान बीक की शानदार गेंदबाजी की बदौलत नीदरलैंड ने नेपाल को 106 रन पर समेट दिया। नीदरलैंड ने टॉस जीतकर नेपाल को बल्लेबाजी के लिए बुलाया। चार ओवर के अंदर ही नेपाल की ओपनिंग जोड़ी कुशल भुरतेल (7), आसिफ शेख (4) को टिम प्रिंगल और वॉन बीक ने विदा कर दिया। पावरप्ले में नेपाल ने दो विकेट पर सिर्फ 29 रन बनाए। अनिल साह (11) ने दो चौके जरूर लगाए, लेकिन प्रिंगल ने उन्हें भी आउट कर दिया। 9.1 ओवर में नेपाल ने 50 रन पूरे किए।

कप्तान रोहित पाउडेल एक छोर से जमे थे। 10वें ओवर में वान मीकरन ने कुशल मल्ला (9) को भी विदा कर दिया। इसके बाद दीपेंद्र सिंह एयरी को बास डी लीडे ने पवेलियन भेजा। वह नौ रन बना सके। वहीं, मीकेरन ने सोमपाल कामी (0) और लीडे ने करण केसी (17) को आउट किया। प्रिंगल ने अपना तीसरा शिकार कप्तान रोहित पौडेल को बनाया। वह टीम के सर्वोच्च रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। उन्होंने 37 गेंद में 35 रन की पारी खेली। वहीं, वान बीक ने अभिनाश बोहारा (0) को आउट कर नेपाल की पारी 19.2 ओवर में 106 रन पर समेट दी।



# आयरलैंड के खिलाफ आज 'मिशन विश्वकप' का आगाज करेगी टीम इंडिया

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)। टी-20 विश्व कप 2024 में भारत का पहला मैच आयरलैंड के खिलाफ बुधवार को न्यूयॉर्क में दोनों टीमों के बीच कुल नौवां मुकाबला होगा। अब तक हुए आठ भारत-आयरलैंड मुकाबलों में भारत ने सात मुकाबले जीते हैं, जबकि एक मैच रद्द रहा है। वहीं टी-20 विश्व कप में दोनों टीमें एक बार भिड़ी हैं, जिसमें भारत को ही जीत मिली है।**

भारत ने अपने अनुभवी खिलाड़ियों पर भरोसा जताया है लेकिन यह नहीं भूलना चाहिये कि यही टीम कई बार आखिरी दो तिलिस्म नहीं तोड़ सकी है। सैतीस बरस के रोहित का यह आखिरी विश्व कप है और यह लगभग तय है कि वह भारत में होने वाले अगले टी-20 विश्व कप और दक्षिण अफ्रीका में 2027 में होने वाले 50 ओवरों के विश्व कप तक नहीं खेलेंगे। दूसरी ओर आयरलैंड की टीम में पॉल स्टर्लिंग, जोश लिटिल, हैरी टेक्टर, एंडी बालबर्नी जैसे अच्छे टी-20 क्रिकेटर हैं। नासाउ काउंटी मैदान की धीमी और औसत विकेट पर भारतीय टीम आयरलैंड के बायें हाथ के स्पिनर जॉर्ज डॉकरेल को कैसे खेलती है, यह देखना रोचक होगा। भारत को फायदा इस बात का है कि उसके पास आयरलैंड से बेहतर स्पिनर हैं, हालांकि बुमराह के अलावा तेज गेंदबाजी आक्रमण थोड़ा कमजोर लग रहा है। कई बार बहुत ज्यादा विकल्प होना भी अच्छी स्थिति नहीं होती है और शीर्षक्रम पर भारत के साथ ऐसा ही हो रहा है। कप्तान रोहित और कोहली के लिये यशस्वी जायसवाल को बाहर रहना पड़ सकता है। ऋषभ पंत ने अभ्यास मैच में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी की और हार्दिक पंड्या ने अच्छी गेंदबाजी की। पंड्या ने अभ्यास सत्र में कोहली, सूर्यकुमार यादव और रोहित को अच्छी खासी गेंदबाजी की। वह प्रतिदिन तीन ओवर भी डाल पाते हैं तो भारतीय टीम में शिवम दुबे और एक अतिरिक्त स्पिनर को उतारा जा सकता है। आयरलैंड को कमजोर नहीं आंका जा सकता जिसने विश्व कप से पहले पाकिस्तान को उसकी धरती पर हराया। वहीं आयरलैंड की बात करें तो जॉश लिटिल की अगुवाई में उनके तेज गेंदबाज उनके प्रमुख हथियार होंगे, जहां स्पिनर्स जॉर्ज डॉकरेल और गैरेथ डेलनी उनका सहयोग करेंगे। पिछले टी-20 विश्व कप के बाद से आयरलैंड की 70 प्रतिशत गेंदबाजी तेज गेंदबाजों ने की है। वहीं स्पिनर्स डॉकरेल और डेलेनी की खास बात है कि वे लोग गेंदबाजी के साथ-साथ गेंद के अच्छे स्ट्राइकर भी हैं। डेलेनी पिछले विश्व कप के बाद से 155 के स्ट्राइक रेट से रन बना रहे हैं, वहीं डॉकरेल मध्य ओवरों में स्पिनरों के खिलाफ 154 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं।




हालांकि भारत के सभी खिलाड़ी दो महीने का आईपीएल खेल कर आ रहे हैं और फिलहाल टी-20 की लय में हैं। वहीं आयरलैंड की बात की जाए तो आयरलैंड ने मई 2024 में स्कॉटलैंड और आयरलैंड के खिलाफ एक त्रिकोणीय सीरीज खेला थी, जिसमें वह चार मैचों में अजेय होते हुए विजेता बनी थी। इसके पहले उन्होंने पाकिस्तान को भी तीन मैचों की सीरीज के दौरान एक मैच में हराया था। हालांकि यह सीरीज पाकिस्तान ने 2-1 से जीता था। विराट कोहली टी-20 विश्व कप के सबसे सफल बल्लेबाज रहे हैं।

## मतभेद के बाद हनुमा विहारी को एसीए से मिली एनओसी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय बल्लेबाज हनुमा विहारी को राज्य संघ से मतभेद के बाद आखिरकार आंध्र क्रिकेट संघ (एसीए) से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मिल गया। मार्च में इस टेस्ट क्रिकेटर ने संघ पर उन्हें कप्तानी से हटाने का आरोप लगाया था और राज्य के लिए फिर से नहीं खेलने की बात कही थी जिसके बाद एसीए ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया था। विहारी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि वह पिछले दो महीनों से एनओसी मांग रहे थे और अंततः सोमवार को उन्हें यह मिल गया।

घरेलू क्रिकेट में दूसरे राज्यों से खेलने के लिए एक खिलाड़ी को अपने घरेलू संघ से एनओसी की आवश्यकता होती है। उन्होंने राज्य चुनाव में तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) की भारी जीत का जिक्र करते हुए लिखा, 'मैं दो महीने से एनओसी मांग रहा हूं, उन्हें चार बार ईमेल किया। उन्होंने मुझे एनओसी नहीं दी। अब चीजें बदल गई हैं, उन्होंने तुरंत मुझे एनओसी जारी कर दिया है। एनओसी में एसीए सचिव गोपीनाथ रेड्डी ने कहा कि आंध्र क्रिकेट संघ को इस बात पर कोई आपत्ति नहीं है कि हनुमा विहारी 2024-25 सत्र से भारतीय क्रिकेट बोर्ड से संबद्ध किसी अन्य संघ का खिलाड़ी के रूप में प्रतिनिधित्व करें। विहारी ने भारत के लिए अपने 16 टेस्ट मैचों में से आखिरी टेस्ट 2022 में खेला था।

# स्वियातेक-गॉफ फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में

### जोकोविच ने बनाया रिकॉर्ड, 370वां ग्रैंडस्लैम मैच जीता

**पेरिस( एजेंसी)। शीर्ष वरीय ईगा स्वियातेक और मौजूदा यूएस ओपन चैंपियन काको गॉफ ने मंगलवार को अपने मुकाबले जीतकर फ्रेंच ओपन के महिला वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।**

पोलैंड की स्वियातेक ने पांचवी सीड चेक गणराज्य की मारकेटा वॉण्डसोवा को आधे घंटे में 6-0, 6-2 से पराजित किया। स्वियातेक का सेमीफाइनल में मुकाबला कोको गॉफ से होगा। क्वार्टर फाइनल में गॉफ ने तीन सेटों के मुकाबले में ट्यूनीशिया की ओंस जैब्यूर को 4-6,6-3,6-2 से पराजित कर दिया।



जर्मनी के टेनिस खिलाड़ी एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने डेनमार्क के होल्गर रूण को हराकर फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गये । आज यहां हुये मुकाबले में ज्वेरेव ने लगातार तीन सेट जीतकर फ्रेंच ओपन के क्वार्टरफाइनल में लगातार चौथी बार जगह बनाई है। उन्होंने चार घंटे और 11 मिनट में तक चले मुकाबले में रुण पर 4-6, 6-1, 5-7, 7-6 , 6-2 से जीत दर्ज की। वहीं, दाहिने घुटने के दर्द से जूझने के बावजूद नोवाक जोकोविच ने अपने से युवा प्रतिद्वंदी को साढे चार घंटे तक चले मुकाबले में पांच सेटों में हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। दूसरे सेट की शुरूआत में जोकोविच पीठ के बल लेट गए थे और लग रहा था कि उन्हें मुकाबला छोड़ना होगा लेकिन उन्होंने वापसी करते हुए 23वीं रैंकिंग वाले फ्रांसिस्को सेरूंडोलो को 6-1, 5-7, 3-6, 7-5, 6-3 से हराया।



अब उनका सामना सातवीं वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड से होगा। रूड ने 12वीं रैंकिंग वाले टेलर फ्रिट्ज को 7-6, 3-6, 6-4, 6-2 से हराया। पिछले साल फ्रेंच ओपन फाइनल में जोकोविच ने रूड को हराया था। अन्य क्वार्टर फाइनल में एलेक्स डि मिनौर का सामना अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा। डि मिनौर ने 2021 अमेरिकी ओपन चैम्पियन दानिल मेदवेदेव को हराया था। वहीं ज्वेरेव ने होल्गर रूने को 4-6, 6-1, 5-7, 7-6, 6-2 से मात दी।

## कोहली पारी की शुरुआत करें, तीसरे नंबर पर उतरे यशस्वी : गावस्कर

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर का मानना है कि आयरलैंड के खिलाफ टी-20 विश्व कप के पहले मैच में विराट कोहली को कप्तान रोहित शर्मा के साथ भारत के लिये पारी का आगाज करना चाहिये जबकि यशस्वी जायसवाल को तीसरे नंबर पर उतरना चाहिये। टी-20 विश्व कप में कोहली के बल्लेबाजी क्रम को लेकर काफी चर्चा हो रही है। वह लंबे समय से सीमित ओवरों में तीसरे नंबर पर उतरते आये हैं। आईपीएल में भी उनका प्रदर्शन शानदार रहा जिसमें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के लिये उन्होंने 15 मैचों में 741 रन बनाये। गावस्कर ने स्टार स्पोटर्स से कहा कि रोहित शर्मा और विराट कोहली को पारी का आगाज करना चाहिये। यशस्वी जायसवाल को तीसरे नंबर पर उतरना चाहिये। उन्होंने कहा कि चौथे नंबर पर सूर्यकुमार यादव, पांचवें नंबर पर ऋषभ पंत और छठे नंबर पर हार्दिक पंड्या को उतरना चाहिये। सातवें नंबर पर रविंद्र जडेजा और आठवें नंबर पर शिवम दुबे, नौवे नंबर पर कुलदीप यादव, दसवें पर जसप्रीत बुमराह और 11वें पर मोहम्मद सिराज।



## बजरंग पुनिया पर लगे निलंबन को नाडा के अनुशासन पैनल ने हटाया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी के अनुशासन पैनल ने सोमवार को बजरंग पुनिया पर लगाए गए अस्थाई निलंबन को रद्द कर दिया। अनुशासन पैनल ने बजरंग को नाडा द्वारा आरोप का नोटिस नहीं दिए जाने तक उन पर लगा अस्थाई निलंबन हटाया है। बजरंग ने इसी साल मार्च में सिलेक्शन ट्रायल के बाद डोप टेस्ट के लिए अपना सैंपल देने से इनकार कर दिया था। इसके बाद नाडा ने 23 अप्रैल को टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता बजरंग को निलंबित कर दिया था और बाद में वर्ल्ड शासी निकाय ने यही कार्रवाई की थी। बिश्केक में एशियाई ओलंपिक क्वालिफायर के लिए पुरुषों की राष्ट्रीय टीम चुनने के लिए ट्रायल 10 मार्च को सोनीपत में आयोजित किया गया था और बजरंग एक मुकाबला हारने के बाद अपना यूरीन सैंपल दिए बिना ही उस स्थान से चले गए थे। उन्होंने तीसरे-चौथे स्थान के मुकाबले में हिस्सा ही नहीं लिया था।



# केंटा को हरा लक्ष्य सेन इंडोनेशिया ओपन के दूसरे दौर में




(एजेंसी)। भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने जापान के केंटा सुनेमाया को हराकर सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। फ्रेंच ओपन और आल इंग्लैंड चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंचकर ओलंपिक क्वालीफिकेशन हासिल करने वाले सेन का सामना अब इंडोनेशिया के सातवीं वरीयता प्राप्त एंथोनी सिनिसुका गिंटिंग और जापान के केंटा निशिमोतो के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। लक्ष्य सेन ने 40 मिनट के भीतर सुनेया 21-12, 21-17 से जीत दर्ज की। भारत के किरण जॉर्ज को चीन के हॉग यांग वेंग के हाथों 21-11, 10-21, 20-22 से पराजय झेलनी पड़ी। मिक्स्ड डबल्स में भारत के बी सुमीत रेड्डी और सिक्की रेड्डी ने अमेरिका के विंसन चियू और जेनी गेई को 18-21, 21-16, 21-17 से हराया। वहीं अब उनका सामना टॉप वरीयता प्राप्त चीन के सि वेई झेंग और कियोंग हुआंग और इंडोनेशिया के रेहान नौफाल कुशारजांतो और लिसा आयु कुसुमवती के बीच होने वाले मैच की विजेता जोड़ी से होगा।